प्रेस विज्ञप्ति

लोक भवन, राँची

दिनांक : 05 फरवरी, 2026 :-

(1) माननीय राज्यपाल महोदय के निदेश पर लोक भवन उद्यान को आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन हेतु दिनांक 2 फरवरी से 8 फरवरी, 2026 तक खोला गया है। आज 37976 लोगों ने लोक भवन उद्यान का भ्रमण एवं परिदर्शन किया। उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक है। लोक भवन उद्यान का भ्रमण करने हेतु इच्छुक व्यक्ति लोक भवन के गेट संख्या 2 से सुरक्षा जांचोपरांत 1 बजे अपराह्न तक आ सकते हैं।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार आज योगदा सत्संग आश्रम, राँची पहुँचे तथा आश्रम परिसर का अवलोकन किया। इस क्रम में वे उस कक्ष में भी गए, जहाँ स्वामी परमहंस योगानंद जी निवास किया करते थे। उन्होंने स्मृति मंदिर में भी जाकर ध्यान-साधना की तथा आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया।

राज्यपाल महोदय को वरिष्ठ स्वामी ईश्वरानन्द गिरी जी ने आश्रम की आध्यात्मिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। स्वामी जी ने आश्रम की गुरु-शिष्य परम्परा तथा योगदा सत्संग परंपरा के माध्यम से आत्म-विकास, चरित्र निर्माण एवं मानव कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया।

इस अवसर पर माननीय राज्यपाल को स्वामी ईश्वरानन्द गिरी जी ने 'योगी कथामृत', 'ईश्वर-अर्जुन संवाद (श्रीमद्भगवद्गीता)', 'आत्म-साक्षात्कार की यात्रा' सहित अन्य महत्वपूर्ण आध्यात्मिक ग्रंथ एवं सोसाइटी द्वारा प्रकाशित कैलेंडर भेंट की।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि लम्बे समय से आश्रम आना चाहते थे, जो आज पूर्ण हुआ है। उन्होंने योगदा सत्संग आश्रम द्वारा समाज को आध्यात्मिक दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।